रजिस्ट्री सं. डीएल (एन)-04/0007/2003--05

REGISTERED No. DL(N)—04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 24—जनवरी 30, 2009 (माघ 4, 1930)

No. 4] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 24—JANUARY 30, 2009 (MAGHA 4, 1930)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4

[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

मुम्बई-400005, दिनांक 26 दिसम्बर 2008

सं. बैंपवि.एआरएस सं. 7892/08.21.002/2008-2009--भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 41 की उपधारा (1) के अधीन प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए तथा केन्द्रीय सरकार से परामर्श करके, भारतीय रिज़र्व बैंक ने निम्नलिखित लेखा परीक्षा फर्मों को वर्ष 2008-2009 के लिए तथा भारतीय स्टेट बैंक की अगली वार्षिक साधारण बैठक होने तक बैंक के सांविधिक सर्कल लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया है :--

1. मैसर्स डी. पी. सेन एंड कंपनी, कोलकाता
2. मैसर्स जी. एम. कपाडीया एंड कंपनी, मुंबई
3. मैसर्स आर. जी. एन. प्राइस एंड कंपनी, चेन्नई
4. मैसर्स एस. के. मित्तल एंड कंपनी, नई दिल्ली
5. मैसर्स वर्धमान एंड कंपनी, चेन्नई
6. मैसर्स वी. के. जिंदाल एंड कंपनी, रांची
7. मैसर्स जैन कपिला एसोसिएट्स, दिल्ली
8. मैसर्स ए. के. सबत एंड कंपनी, भुवनेश्वर
9. मैसर्स दत्ता सिंगला एंड कंपनी, चंडीगढ़
10. मैसर्स दत्ता सरकार एंड कंपनी, कोलकाता
11. मैसर्स गुप्ता एंड शाह, कानपुर
12. मैसर्स गुहा नंदी एंड कंपनी, कोलकाता
13. मैसर्स ए. आर. विश्वनाथन एंड कंपनी, बेंगलोर
14. मैसर्स चोक्सी एंड चोक्सी, मुंबई

जे. आर. पी. रत्नाराव
मुख्य महाप्रबंधक

राष्ट्रीय आवास बैंक

नई दिल्ली, दिनांक 5 जनवरी 2009

निर्देश सं. एनएचबी. एचएफसी. निर्देश.26/सीएमडी/2008.-राष्ट्रीय आवास बैंक सार्वजनिक हित में आवश्यक समझते हुए राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 (53/1987) की धाराओं 30ए और 31 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस बारे में कार्रवाई करने के लिए समर्थ करने वाली सभी शक्तियों के अन्तर्गत एतद्द्वारा निर्देश देता है कि आवास वित्त

[illegible] (रा.आ.बैंक) निर्देश, 2001, इस प्रकार से निम्न [illegible] संशोधित किये जाते हैं, यथा :-

1. आवास वित्त कंपनी (रा.आ.बैंक) निर्देश, 2001 में अनुसूची I [illegible] "[illegible]" निर्देशों के तहत विवरणी) में विवरणी प्रस्तुत करने के लिए [illegible] प्रस्थापित किया जाएगा, [illegible] अनुच्छेद 1 के स्थान पर निम्नलिखित प्रस्थापित किया जाएगा, [illegible]

"1. आवास वित्त कंपनी द्वारा यथा 31 मार्च को अपनी स्थिति के बारे में, चाहे कंपनी के वित्त वर्ष बंद होने की तारीख कुछ भी हो, [illegible] के बाद विवरणी 31 मार्च के पश्चात् यथा संभव शीघ्र [illegible] किंतु अधिक से अधिक 30 जून तक राष्ट्रीय आवास बैंक के मुख्यालय, नई दिल्ली को प्रेषित की जाए जैसाकि आवास वित्त कंपनी (रा.आ.बैंक) निर्देश, 2001 के अनुच्छेद 40 में निर्दिष्ट है। अनुच्छेद 38 के अनुसार [illegible] कंपनी के लेखा परीक्षकों का एक प्रमाण-पत्र भी विवरणी के साथ [illegible] किया जाये।"

II. आवास वित्त कंपनी (रा.आ.बैंक) निर्देश, 2001 के शीर्षक "अनुसूची II" (31 मार्च 30 सितम्बर को अर्ध वार्षिक विवरणी) के तहत दिये गए निर्देश (छमाही समाप्त होने से दो माह के अंदर प्रस्तुत की जाए) के स्थान पर निम्नलिखित प्रस्थापित होगा, यथा :-

"(छमाही समाप्त होने से 6 सप्ताह के अंदर प्रस्तुत की जाए।"

एस. श्रीधर

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक

सं. एन-15/13/15/3/2008-यो. एवं वि.-(2) कर्मचारी राज्य बीमा सामान्य विनियम-1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 1.12.2008 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम-95-क तथा उत्तर प्रदेश राज्य बीमा नियम-1954 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ उत्तर प्रदेश राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे, अर्थात् :-

राजस्व ग्राम	राजस्व परगना	राजस्व तहसील	जिला
1. लहरगिर्द	झांसी	झांसी	झांसी
2. भगवन्त पुरा	झांसी	झांसी	झांसी
3. कोछा भांवर	झांसी	झांसी	झांसी
4. करारी	झांसी	झांसी	झांसी
5. पिछोर	झांसी	झांसी	झांसी
6. करगुवां	झांसी	झांसी	झांसी

आर. सी. शर्मा

सं. निदेशक (यो. एवं वि.)

सं. एन-15/13/10/[illegible]/2008-यो. एवं वि.-[illegible] कर्मचारी राज्य बीमा सामान्य विनियम-1950 के विनियम [illegible] के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने [illegible] 2008 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम-95-क तथा उड़ीसा कर्मचारी राज्य बीमा नियम-1957 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ उड़ीसा राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे, अर्थात् :

"अधिनियम के उक्त प्रावधान जिन क्षेत्रों में पहले ही लागू किए जा चुके हैं उनको छोड़कर गंजाम जिले में बहरमपुर की म्यूनिसिपल सीमाओं के क्षेत्र इसमें शामिल हैं तथा

1. गंजाम जिले में बहरमपुर तहसील के अंतर्गत रतनपुर, शंकरपुर, मर्दराजपुर, सुंदरराजपुर, अंकुशपुर, सानकुशस्थली के राजस्व गांव
2. गंजाम जिले में छत्रपुर तहसील के अंतर्गत रघुनाथपुर, नरेन्द्रपुर के राजस्व गाँव
3. गंजाम जिले में कोणिसी तहसील के अन्तर्गत हलदीआपदर, रलभा, कोणिषी, हिन्जनापल्ली के राजस्व गाँव शामिल हैं।

आर.सी. शर्मा

सं. निदेशक (यो. एवं वि.)

सं. एन-15/13/14/12/2005-यो. एवं वि.-(2) कर्मचारी राज्य बीमा सामान्य विनियम-1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 1.12.2008 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम-95-क तथा तमिलनाडु राज्य बीमा नियम-1954 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ तमिलनाडु राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे, अर्थात्:-

केन्द्र	
गोपिचेट्टिपालयम तालुक ईरोड जिला के गोपिचेट्टिपालयम क्षेत्र	1. वीरपाण्डी-गोपी टाउन 2. परियूर 3. चोषमादेविक्करै 4. आलुक्कलै (क) 5. आलुक्कुलै (ख) 6. मोडचूर 7. कुल्लम्पालयम 8. कलंजियम (क) 9. कलंजियम (ख) 10. लक्कम्पट्टी आदि के अंतर्गत आने वाले राजस्व गांव

आर.सी. शर्मा

सं. निदेशक (यो. एवं वि.)

सं. एन-15/13/8/2/2008-यो. एवं वि.-(2) कर्मचारी राज्य बीमा सामान्य विनियम 1950 के विनियम 95-क के साथ पठित कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (1948 का 34) की धारा-46 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महानिदेशक ने 1.12.2008 ऐसी तारीख के रूप में निश्चित की है जिससे उक्त विनियम-95-क तथा हिमाचल

प्रदेश कर्मचारी राज्य बीमा नियम-1977 में निर्दिष्ट चिकित्सा हितलाभ हिमाचल प्रदेश राज्य में निम्नलिखित क्षेत्रों में बीमांकित व्यक्तियों के परिवारों पर लागू किए जाएंगे, अर्थात् :--

1. जिला मंडी के अन्तर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र मंडी (हदबस्त सं.-366) तथा समीपवर्ती क्षेत्र रत्ती (हदबस्त सं.-193), नेर चौक (हबदस्त सं.-222) भंगरोटू (हदबस्त सं.-221) चक्कर एवं गुटकर (हदबस्त सं.-208)

2. जिला उना के अन्तर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र गगरेट (हदबस्त सं.-140) एंव वाथरी (हदबस्त सं.-476)

3. जिला बिलासपुर के अन्तर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र गोलथाई (हदबस्त सं.-372)

4. जिला शिमला के अन्तर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्र शोघी (हदबस्त सं.-95)

आर.सी. शर्मा
सं. निदेशक (यो. एवं वि.)

नई दिल्ली, दिनांक 15 सितम्बर 2008

सं. यू-16/53/99 चि.-2(गुजरात)--कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम 1950 के विनियम 105 के अधीन निगम की शक्तियां महानिदेशक को प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पारित किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024 (जी) दिनांक 23.5.1983 द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा निम्नलिखित डॉक्टर को मानकों के अनुसार देय पारिश्रमिक पर कार्यग्रहण की तिथि से एक वर्ष के लिए पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यग्रहण करने तक, जो भी पूर्व हो, को वरिष्ठ राज्य चिकित्सा आयुक्त, गुजरात द्वारा निर्धारित क्षेत्र के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर उन्हें आगे प्रमाण पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के प्राधिकृत करता हूं:--

डॉक्टर का नाम	अवधि	केन्द्र
डॉ. ए.एच. शाह	1.8.2008 से 31.7.2009 तक	सारसपुर, उधव, गोमतीपुर, बापूनगर

डॉ. जे. पी. भासने
चिकित्सा आयुक्त

नई दिल्ली, दिनांक 30 दिसम्बर, 2008

संख्या : ए-12(11)8/2000-स्था.1 : कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 97 की उप धारा (1) और उप धारा (2) के खण्ड (XXi) और उप धारा (2क) और धारा 17 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम (भर्ती)विनियम, 1965 एवम् कर्मचारी राज्य बीमा निगम (भर्ती)संशोधन विनियम, 1970 का अधिक्रमण करते हुए, ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किए गए अथवा करने से रह गये कार्यों के अलावा कर्मचारी राज्य बीमा निगम एतद्द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम में सहायक बीमांकक के पद पर भर्ती प्रक्रिया को विनियमित करने हेतु निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :-

(1) ये विनियम कर्मचारी राज्य बीमा निगम (सहायक बीमांकक) भर्ती विनियम, 2008 कहे जायेंगे ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. पदों की संख्या, वर्गीकरण एवं वेतनमान :-

पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनसे सम्बद्ध वेतनमान इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची के कॉलम 2 से 4 में उल्लिखित अनुसार होंगे ।

3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं, आदि :-

भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य मामले उक्त अनुसूची के कॉलम 5 से 14 में उल्लिखित अनुसार होंगे ।

4. **निरर्हता :-**

ऐसा कोई व्यक्ति,

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह करने का करार किया है जिसका विवाहिती जीवित है; अथवा

(ख) जिसने अपने विवाहिती के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है अथवा विवाह करने का करार किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

परन्तु यदि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक इस बात से संतुष्ट हैं कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति अथवा विवाह की दूसरी पार्टी पर लागू वैयक्तिक कानून के अन्तर्गत अनुमेय है अथवा ऐसा करने के अन्य आधार भी हैं तो वे किसी व्यक्ति को इन विनियमों से छूट दे सकते हैं ।

5. **ढील देने की शक्ति :-**

जहाँ क.रा.बी. निगम के महानिदेशक की राय में ऐसा करना आवश्यक अथवा कालोचित है तो वे केन्द्रीय सरकार से पूर्व अनुमोदन लेने के पश्चात तत्संबंधी कारणों को लेखबद्ध करके किसी श्रेणी अथवा व्यक्तियो के वर्ग के संबंध में इन विनियमों के किसी भी उपबंध में आदेश द्वारा ढील दे सकते हैं ।

6. **अवशिष्ट मामले :-**

इन विनियमों के उपबंधों के अधीन निगम में पदों की तदनुरूपी श्रेणी पर लागू कर्मचारी राज्य बीमा निगम (भर्ती) विनियम, 1965 में उल्लिखित अन्य सभी विनियम और अनुदेश इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित पद पर लागू होंगे ।

7. **अपवाद :-**

इन विनियमों की कोई बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुरूप अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पूर्व सैनिक, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा व्यक्तियों के अन्य वर्गों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

अनुसूची

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में सहायक बीमांकक के पद हेतु भर्ती विनियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	क्या चयन पद है अथवा गैर-चयन पद	क्या सेवा के जोड़े गए वर्षों का लाभ स्वीकार्य है	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा	सीधी भर्ती वालों के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं	क्या सीधी भर्ती के लिए निर्धारित की गई आयु और शैक्षिक योग्यताएं पदोन्नत उम्मीदवारों पर भी लागू होंगी	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो तो
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
सहायक बीमांकक	01* *(2008) कार्यभार के आधार पर संख्या में परिवर्तन हो सकता है।	ग्रुप 'क' (गैर-लिपिकीय)	10,000-325-15,200/-	लागू नहीं	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

भर्ती की पद्धति क्या सीधी भर्ती द्वारा अथवा पदोन्नति द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले रिक्तियों की प्रतिशतता	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा	विभागीय पदोन्नति समिति मौजूद होने की स्थिति में उसका गठन	वह परिस्थितियां जिनमें भर्ती हेतु संघ लोक सेवा आयोग का परामर्श लिया जाएगा
11	12	13	14
मिश्रित पद्धति (प्रतिनियुक्ति (आई.एस.टी.सी.) और पदोन्नति)	**प्रतिनियुक्ति (आई.एस.टी.सी.) और पदोन्नति** केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध-सरकारी/सांविधिक या स्वायत संगठन के अंतर्गत वे अधिकारी या अन्य बीमा निगम के कर्मचारी जो/जिसने :- (क) (i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पदधारी हो; या (ii) मूल संवर्ग/विभाग में 8,000-13,500/- रुपये अथवा समकक्ष वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा की हो; और (ख) निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव रखते हों :- **अनिवार्य :-** (i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त या समकक्ष। (ii) भारतीय बीमांकन सोसायटी से सम्बद्धता (iii) सरकारी अथवा अर्ध सरकारी या बीमा संगठन में बीमांकन कार्य का 5 वर्ष का अनुभव। **टिप्पणी :-** 8000-13500/- रुपये के वेतनमान में 5 वर्ष की नियमित सेवा वाले विभागीय उप निदेशक(बीमांकन) पर भी प्रतिनियुक्तों के साथ विचार किया जाएगा तथा पद पर नियुक्ति के लिए उनका चयन हो जाने की स्थिति में इस पद को पदोन्नति द्वारा भरा माना जाएगा। फीडर वर्ग के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के विचारार्थ पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के विचारार्थ पात्र नहीं होंगे। (इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व इसी या केन्द्र सरकार के अन्य किसी संगठन/विभाग में अन्य बाह्य-संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि (आई.एस.टी.सी.) सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि (आई.एस.टी.सी.) सामान्यतः चार वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति (आई.एस.टी.सी.) पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	लागू नहीं	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक है।

फाइल संख्या : 2-12/11/8/2000-स्था.1

(प्रभात चन्द्र चतुर्वेदी)
महानिदेशक, क.रा.बी. निगम

संख्या : ए-12(11)9/2000-स्था. I : कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 97 की उप धारा (1) और उप धारा (2) के खण्ड (XXi) और उप धारा (2क) और धारा 17 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम सहायक निदेशक (बीमांकन) भर्ती विनियम, 1991 और कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप निदेशक(बीमांकन) भर्ती (संशोधन) विनियम, 1997 का अधिक्रमण करते हुए, ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किए गए अथवा करने से रह गये कार्यों के अलावा कर्मचारी राज्य बीमा निगम एतद्द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम में उप निदेशक(बीमांकन) के पद पर भर्ती प्रक्रिया को विनियमित करने हेतु निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :-**

(1) ये विनियम कर्मचारी राज्य बीमा निगम उप निदेशक(बीमांकन) भर्ती विनियम, 2008 कहे जायेंगे,

(2) ये शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. **पदों की संख्या, वर्गीकरण एवं वेतनमान :-**

पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनसे सम्बद्ध वेतनमान इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची के कॉलम 2 से 4 में उल्लिखित अनुसार होंगे ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं, आदि :-**

भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य मामले उक्त अनुसूची के कॉलम 5 से 14 में उल्लिखित अनुसार होंगे ।

4. **निरर्हता :-**

ऐसा कोई व्यक्ति,

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह करने का करार किया है जिसका विवाहिती जीवित है, अथवा

(ख) जिसने अपने विवाहिती के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है अथवा विवाह करने का करार किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

परन्तु यदि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक इस बात से संतुष्ट हैं कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति अथवा विवाह की दूसरी पार्टी पर लागू वैयक्तिक कानून के अन्तर्गत अनुमेय है अथवा ऐसा करने के अन्य आधार भी हैं तो वे किसी व्यक्ति को इन विनियमों से छूट दे सकते हैं ।

5. **ढील देने की शक्ति :-**

जहाँ क.रा.बी. निगम के महानिदेशक की राय में ऐसा करना आवश्यक अथवा कालोचित है तो वे केन्द्रीय सरकार से पूर्व अनुमोदन लेने के पश्चात तत्संबंधी कारणों को लेखबद्ध करके किसी श्रेणी अथवा व्यक्तियों के वर्ग के संबंध में इन विनियमों के किसी भी उपबंध में आदेश द्वारा ढील दे सकते हैं ।

6. **अवशिष्ट मामले :-**

इन विनियमों के उपबंधों के अधीन निगम में पदों की तदनुरूपी श्रेणी पर लागू कर्मचारी राज्य बीमा निगम (भर्ती) विनियम, 1965 में उल्लिखित अन्य सभी विनियम और अनुदेश इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित पद पर लागू होंगे ।

7. **अपवाद :-**

इन विनियमों की कोई बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुरूप अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पूर्व सैनिक, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा व्यक्तियों के अन्य वर्गों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में उप निदेशक(बीमांकन) के पद हेतु भर्ती विनियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	क्या चयन पद है अथवा गैर-चयन पद	क्या सेवा के जोड़े गए वर्षों का लाभ स्वीकार्य है	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा
1	2	3	4	5	6	7
उप निदेशक (बीमांकन)	1* [illegible]	ग्रुप क (गैर-लिपिकीय)	[illegible]	लागू नहीं	नहीं	35 वर्ष से अनधिक #

 # कॉलम 7 के अन्तर्गत

[illegible] सरकारी कर्मचारियों के लिए 5 वर्ष की छूट।

टिप्पणी : [illegible] आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख होगी [illegible] प्रदेश, [illegible] लाहौल एवं स्पीति जिला तथा हिमाचल प्रदेश [illegible] अंतिम तारीख होगी।

$ कॉलम 11 के अन्तर्गत

टिप्पणी : [illegible] के कारण एक वर्ष या अधिक अवधि के लिए [illegible] को [illegible] प्रतिनियुक्ति [illegible]

(क) [illegible]

(ख) [illegible] नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड में 5 वर्ष [illegible]

(ग) [illegible] निर्धारित शैक्षिक [illegible]

टिप्पणी : [illegible] अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं।

सीधी भर्ती वालों के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं	क्या सीधी भर्ती के लिए निर्धारित की गई आयु और शैक्षिक योग्यताएं पदोन्नत उम्मीदवारों पर भी लागू होंगी	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो तो	भर्ती की पद्धति क्या सीधी भर्ती द्वारा अथवा पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले रिक्तियों की प्रतिशतता	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिसमें पदोन्नति/आमेलन किया जाएगा	विभागीय पदोन्नति समिति मौजूद होने की स्थिति में उसका गठन	वे परिस्थितियां जिनमें भर्ती करने में संघ लोक सेवा आयोग का परामर्श लिया जाएगा
8	9	10	11	12	13	14
अनिवार्य (i) बीमांकन विज्ञान [illegible] प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री [illegible] (ii) संबंधित [illegible] अनुभव [illegible] (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय [illegible] इसके समकक्ष किसी विषय में [illegible] (ii) बीमांकन विज्ञान में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातकोत्तर डिप्लोमा या समकक्ष **टिप्पणी 1 :** [illegible] संघ लोक सेवा आयोग [illegible] **टिप्पणी 2 :** [illegible]	लागू नहीं	सीधी भर्ती [illegible]	सीधी भर्ती $	लागू नहीं	[illegible] (पुष्टि के लिए) विभागीय पदोन्नति समिति 1. [illegible] - अध्यक्ष 2. [illegible] आयुक्त - सदस्य 3. बीमांकक - सदस्य	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक है।

फाइल संख्या : ए-12/11/9/2000-स्था.1

(प्रभात चन्द्र चतुर्वेदी)
महानिदेशक, क.रा.बी. निगम

संख्या : ए-12(11)7/2000-स्था.1 : कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 97 की उप धारा (1) और उप धारा (2) के खण्ड (XXi) और उप धारा (2क) और धारा 17 की उप धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्मचारी राज्य बीमा निगम एतद्द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम में बीमांकक के पद पर भर्ती प्रक्रिया को विनियमित करने हेतु निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :-

(1) ये विनियम कर्मचारी राज्य बीमा निगम (बीमांकक) भर्ती विनियम, 2008 कहे जायेंगे ।

(2) ये शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. पदों की संख्या, वर्गीकरण एवं वेतनमान :-

पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनसे सम्बद्ध वेतनमान इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची के कॉलम 2 से 4 में उल्लिखित अनुसार होंगे ।

3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं, आदि :-

भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य मामले उक्त अनुसूची के कॉलम 5 से 14 में उल्लिखित अनुसार होंगे ।

4. निरर्हता :-

ऐसा कोई व्यक्ति,

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह करने का करार किया है जिसका विवाहिती जीवित है; अथवा

(ख) जिसने अपने विवाहिती के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है अथवा विवाह करने का करार किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

परन्तु यदि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक इस बात से संतुष्ट हैं कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति अथवा विवाह की दूसरी पार्टी पर लागू वैयक्तिक कानून के अन्तर्गत अनुमेय है अथवा ऐसा करने के अन्य आधार भी हैं तो वे किसी व्यक्ति को इन विनियमों से छूट दे सकते हैं ।

5. **ढील देने की शक्ति :-**

जहाँ क.रा.बी. निगम के महानिदेशक की राय में ऐसा करना आवश्यक अथवा कालोचित है तो वे केन्द्रीय सरकार से पूर्व अनुमोदन लेने के पश्चात तत्संबंधी कारणों को लेखबद्ध करके किसी श्रेणी अथवा व्यक्तियों के वर्ग के संबंध में इन विनियमों के किसी भी उपबंध में आदेश द्वारा ढील दे सकते हैं

6. **अवशिष्ट मामले :-**

इन विनियमों के उपबंधों के अधीन निगम में पदों की तदनुरूपी श्रेणी पर लागू कर्मचारी राज्य बीमा निगम (भर्ती) विनियम, 1965 में उल्लिखित अन्य सभी विनियम और अनुदेश इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित पद पर लागू होंगे ।

7. **अपवाद :-**

इन विनियमों की कोई बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुरूप अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पूर्व सैनिक, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा व्यक्तियों के अन्य वर्गों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है

अनुसूची

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में बीमांकक के पद हेतु भर्ती विनियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान (रुपये)	क्या चयन पद है अथवा गैर-चयन पद	क्या सेवा के जोड़े गए वर्षों का लाभ स्वीकार्य है	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा	सीधी भर्ती वालों के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं	क्या सीधी भर्ती के लिए निर्धारित की गई आयु और शैक्षिक योग्यताएं पदोन्नत उम्मीदवारों पर भी लागू होंगी	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो तो
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
बीमांकक	01* *(2008) कार्यभार के आधार पर संख्या में परिवर्तन हो सकता है	ग्रुप 'क' (गैर-लिपिकीय)	14,300-400-18,300/-	लागू नहीं	नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

भर्ती की पद्धति क्या सीधी भर्ती द्वारा अथवा पदोन्नति द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले रिक्तियों की प्रतिशतता	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनसे पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा	विभागीय पदोन्नति समिति मौजूद होने की स्थिति में उसका गठन	वह परिस्थितियां जिनमें भर्ती हेतु संघ लोक सेवा आयोग का परामर्श लिया जाएगा
11	12	13	14
मिश्रित पद्धति (प्रतिनियुक्ति (आई.एस.टी.सी.) और पदोन्नति)	**प्रतिनियुक्ति (आई.एस.टी.सी.) और पदोन्नति** केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध-सरकारी/सांविधिक या स्वायत संगठन के अंतर्गत वे अधिकारी या अन्य बीमा निगम के कर्मचारी जो/जिसने :- (क) (i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पदधारी हो; या (ii) मूल संवर्ग/विभाग में 12,000-16,500/- रुपये अथवा समकक्ष वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा की हो; अथवा (iii) मूल संवर्ग/विभाग में 10,000-15,200/- रुपये के अथवा समकक्ष वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस ग्रेड में 10 वर्ष की सेवा की हो, और (ख) निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव रखते हों :- **अनिवार्य :-** (i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त अथवा समकक्ष । (ii) भारतीय बीमांकन सोसायटी का सदस्य (फेलो) । (iii) सरकारी अथवा अर्ध सरकारी या बीमा संगठन में बीमा/बीमांकन कार्य का 12 वर्ष का अनुभव, जिसमें सरकार या बीमा संगठन के अंतर्गत प्रशासन में तीन वर्ष का अनुभव हो । **ऐच्छिक :-** (i) श्रम कानून तथा सामाजिक बीमा में एक वर्ष का अनुभव । **टिप्पणी :-** 10000-15,200/- रुपये के वेतनमान में दस वर्ष की नियमित सेवा वाले विभागीय सहायक बीमांकक पर भी प्रतिनियुक्तों के साथ विचार किया जाएगा तथा पद पर नियुक्ति के लिए उनका चयन हो जाने की स्थिति में इस पद को पदोन्नति द्वारा भरा माना जाएगा । फीडर वर्ग के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के विचारार्थ पात्र नहीं होंगे । इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त, पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के विचारार्थ पात्र नहीं होंगे। (इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व इसी या केन्द्र सरकार के अन्य किसी संगठन/विभाग में अन्य बाह्य-संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति (आई.एस.टी.सी.) की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति (आई.एस.टी.सी.) की अवधि सामान्यतः पाँच वर्ष से अधिक नहीं होगी । प्रतिनियुक्ति (आई.एस.टी.सी.) पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी)	लागू नहीं	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक है ।

फाइल संख्या : ए-12/11/7/2000-स्था.1

(प्रभात चन्द्र चतुर्वेदी)
महानिदेशक, क.रा.बी. निगम

वास्तुकला परिषद्

वार्षिक रिपोर्ट 2007-2008

वास्तुकला परिषद् वास्तुविद् अधिनियम, 1972 के अधीन गठित किया गया एक सांविधिक निकाय है । परिषद् 31.03.2008 को समाप्त वर्ष के लिए परीक्षित लेखा विवरण सहित अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करती है ।

संगठनात्मक संरचना:

वास्तुकला परिषद् का प्रेसीडेंट संगठन का प्रमुख होता है जिसके पूर्ण कार्यभार के अधीन परिषद् काम करती है । सम्प्रति, प्रोफेसर विजय श्रीकृष्ण सोहोनी, परिषद् के प्रेसीडेंट हैं ।

परिषद् में सदस्यों के रूप में निर्वाचित एवं नामित प्रतिनिधि शामिल होते हैं यथा- केंद्रीय सरकार का एक नामिती, प्रत्येक राज्य सरकार तथा संघ राज्य क्षेत्र द्वारा नामित एक वास्तुविद्, भारतीय वास्तुविद् संस्थान के सदस्यों में से निर्वाचित पाँच प्रतिनिधि, वास्तुविद् संस्थाओं के प्रमुखों में से निर्वाचित पाँच व्यक्ति, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग तथा सैन्य इंजीनियरिंग सेवा, रक्षा मंत्रालय तथा रेल मंत्रालय का मुख्य वास्तुविद्, एसोसिएशन इन्स्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा अपने सदस्यों में से नामित किए गए दो व्यक्ति और भारतीय सर्वेक्षक संस्था द्वारा अपने सदस्यों में से नामित किया गया एक व्यक्ति ।

परिषद् का रजिस्ट्रार परिषद् के प्रेसीडेंट और सदस्यों के सामान्य पर्यवेक्षण के अधीन अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सहायता से सभी सांविधिक कार्य करता है

परिषद् ने वास्तुकला शिक्षा और वास्तुकला व्यवसाय को विनियमित करने के प्रयोजन से वास्तुविद् अधिनियम, 1972 के उपबंधों के अधीन अन्य के अलावा निम्नलिखित विनियम, व्यावसायिक प्रलेख/दिशा-निदेश विहित किए हैं :-

1. वास्तुकला परिषद् विनियमावली, 1982
2. 2006 में संशोधित वास्तुकला परिषद् (वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियमावली, 1983।
3. वास्तुकला के पूर्णकालिक 5 वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश से संबंधित संशोधित दिशा-निर्देश।
4. डिग्री स्तर की वास्तुकला संस्थाओं में शिक्षण पदों के लिए संशोधित न्यूनतम अर्हता और अनुभव।
5. 2003 में संशोधित वास्तुविद् (वृत्तिक आचरण) विनियमावली, 1989।
6. वास्तुकलात्मक व्यवहार - अनुबंध की शर्तें और चार्ज-स्केल।
7. वास्तुकला प्रतियोगिताओं के लिए दिशा निर्देश।
8. वास्तुकलात्मक व्यवहार - वास्तुविद् का व्यावसायिक दायित्व ।
9. वास्तुकला विद्यालयों के संकाय सदस्यों के लिए परामर्श प्रैक्टिस ।
10. स्नातकोत्तर कार्यक्रम 2006 के लिए वास्तुकलात्मक शिक्षा दिशा-निर्देशों के न्यूनतम मानक ।
11. वास्तुकला में डाक्टर ऑफ फिलासफी (पीएच-डी) के डिग्री के लिए दिशा-निर्देश ।
12. लोक सेवाओं में वास्तुविदों की भूमिका से संबंधित दिशा-निर्देश ।

सांविधिक तथा अन्य समितियाँ:

वास्तुविद् अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए विनियमों के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए परिषद् ने सांविधिक समितियाँ गठित की हैं यथा- कार्यकारिणी समिति जो परिषद् के कार्यकारी प्राधिकारी के रूप में काम करती है, अनुशासन-समिति जो शिकायतों की जाँच-पड़ताल करती है और वास्तुविदों के व्यावसायिक कदाचार के संबंध में जाँच करती है; सलाहकार समिति

(अपील) जो उन आवेदकों की अपीलों की सुनवाई करती है जिनके पंजीकरण के मामले परिषद् के रजिस्ट्रार द्वारा अस्वीकार कर दिए जाते हैं ।

परिषद् और उसकी समितियों की बैठकें :

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान परिषद् की दो बैठकें हुईं - 29 जून, 2007 को 49वीं बैठक मसूरी में और 21 दिसम्बर, 2007 को 50वीं बैठक पोर्टब्लेयर में ।

कार्यकारिणी समिति की चार बैठकें हुईं अर्थात् नई दिल्ली में 6 जून, 2007 को 90वीं, मसूरी में 28 जून, 2007 को 91वीं, कटक में 10 सितम्बर, 2007 को 92वीं और पंचकुला में 24 अक्तूबर, 2007 को 93वीं बैठक ।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान परिषद् द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णयों और कार्रवाइयों का सारांश नीचे दिया जा रहा है:-

1.0 **वर्ष 2006-2007 के लिए वास्तुकला परिषद् की लेखा-बहियों की परीक्षा करने हेतु लेखापरीक्षकों की नियुक्ति:**
परिषद् ने 29.06.2007 को हुई अपनी 49वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2006-2007 के लिए परिषद् की लेखाबहियों की परीक्षा करने हेतु लेखापरीक्षक के रूप में मै. शैलेश अग्रवाल एंड एसोशिएट्स, सनदी लेखाकार, बी-91 द्वितीय तल, पंचशील विहार, शेख सराय, फेज-I, नई दिल्ली- 110017 की नियुक्ति की ।

इसके अतिरिक्त, परिषद् ने 21.12.2007 को हुई अपनी 50वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2007-2008 के लिए परिषद् की लेखाबहियों की परीक्षा करने हेतु लेखापरीक्षक के रूप में मै. शैलेश अग्रवाल एंड एसोशिएट्स, सनदी लेखाकार, बी-91, द्वितीय तल, पंचशील विहार, शेख सराय, फेज-I, नई दिल्ली-110017 की नियुक्ति का अनुमोदन किया ।

2.0 **वास्तुविद् अधिनियम, 1972 के अधीन परिषद् द्वारा रखे गए वास्तुविद् रजिस्टर में नामों को फिर से दर्ज कराना :**
परिषद् ने अपनी 49वीं बैठक में 457 चूककर्ता वास्तुविदों के नामों को वास्तुविद् रजिस्टर में फिर से रखने के लिए अनुमोदन प्रदान किया । 15.11.2006 से 31.05.2007 के दौरान अपेक्षित फीस प्राप्त हो जाने के बाद इन वास्तुविदों के नाम वास्तुविद् रजिस्टर में पुन: दर्ज किए गए थे ।

परिषद् ने अपनी 50वीं बैठक में 802 चूककर्ता वास्तुविदों के नामों को वास्तुविद् रजिस्टर में फिर से दर्ज करने का अनुमोदन प्रदान किया । 01.06.2007 से 15.11.2007 तक की अवधि के दौरान अपेक्षित फीस प्राप्त हो जाने के बाद इन वास्तुविदों के नाम वास्तुविद् रजिस्टर में पुन: दर्ज किए गए थे ।

3.0 **निवेदन करने पर तथा निधन होने पर वास्तुविद् रजिस्टर से नामों को हटाया जाना:**
परिषद् ने अपनी 49वीं बैठक में वास्तुविद् श्री बी. जयहरी का नाम उनकी मृत्यु होने पर वास्तुविद् रजिस्टर से हटा दिया। निम्नलिखित वास्तुविदों के नाम भी उनके द्वारा निवेदन करने पर वास्तुविद् रजिस्टर से हटा दिये गए :

(1) श्री देवराज ऋषिराज (सीए /82/6758) दिल्ली;
(2) श्री मधुकर दिगम्बरराव बिंदु (सीए /94/17908), औरंगाबाद;
(3) श्री सुधाकर धोंडो काल्ले (सीए /91/13803) मुंबई;
(4) सुश्री रुचि जैन (सीए /2002/29349) देहरादून;
(5) श्री संजय विनायक कुलकर्णी (सीए/81/6708) पुणे;
(6) श्री वाई सी दीक्षित (सीए /75/1474) बंगलौर; और
(7) श्री बी. आर. वडेरा, जम्मू (सीए /76/2338)

परिषद् ने अपनी 50वीं बैठक में निम्नलिखित वास्तुविदों के नाम उनका निधन होने पर वास्तुविद् रजिस्टर से हटाए :

i) श्री [illegible] (सीए/75/629);
ii) श्री एस. [illegible];
iii) श्री एम. पी. [illegible] (सीए/[illegible]);
iv) श्री के. [illegible] (सीए/[illegible]); और
v) श्री [illegible] (सीए/[illegible]);

इसके अतिरिक्त, निम्नलिखित वास्तुविदों के नाम उनके द्वारा निवेदन करने पर वास्तुविद् रजिस्टर से हटा दिए गए :

i) श्री [illegible] (सीए/75/1137) और
ii) श्री प्रवीण चंद्र (सीए/81/[illegible])

4.0 **वास्तुविदों का पंजीकरण:**

परिषद् वास्तुविद् अधिनियम की धारा 25 के तहत वास्तुविद् के रूप में ऐसे व्यक्ति का नाम पंजीकृत करती है जो भारत में रहता हो या वास्तुकला का व्यवसाय करता हो और जो मान्यताप्राप्त वास्तुकलात्मक अर्हता रखता हो ।

वर्ष (1 अप्रैल 2007 से 31 मार्च 2008) के दौरान परिषद् ने वास्तुविदों के रूप में [illegible] व्यक्तियों का पंजीकरण किया । इस प्रकार 31 मार्च 2008 तक वास्तुकला परिषद् में वास्तुविदों के रूप में कुल 40205 व्यक्तियों को पंजीकृत किया गया है

5.0 **वास्तुविद् अधिनियम, 1972 की धारा 20 का अवलंब लेना:**

परिषद् ने अपनी 49वीं बैठक में वास्तुविद् अधिनियम, 1972 की धारा 20 का अवलंब लिया और निम्नलिखित उन संस्थाओं से सरकार की मान्यता वापस लेने की सिफारिश की जिनके पास परिषद् द्वारा विहित न्यूनतम मानक नहीं थे:

i) गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्कीटेक्चर, लखनऊ; और
ii) नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, (मानित विश्वविद्यालय), पटना

इसके अतिरिक्त, परिषद् ने अपनी 50वीं बैठक में निम्नलिखित संस्थाओं के संबंध में भी वास्तुविद् अधिनियम, 1972 की धारा 20 का अवलंब लिया :

i) मराठवाड़ा मित्रमंडल कॉलेज ऑफ आर्कीटेक्चर, पुणे; और
ii) योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली

[illegible] विश्वविद्यालय, [illegible] द्वारा प्रदत्त बी. आर्की. की डिग्री तथा भारतीय वास्तुविद् संस्थान की एसोशिएट सदस्यता (परीक्षा द्वारा) की मान्यता समाप्त करने के लिए परिषद् द्वारा की गई सिफारिशें संबंधित राज्य सरकार और केंद्रीय सरकार के पास लंबित हैं ।

6.0 **वास्तुकला परिषद् के वाइस प्रेसीडेंट का त्यागपत्र:**

परिषद् ने 29.06.2007 को हुई अपनी 49वीं बैठक में श्री विजय उप्पल द्वारा दिए गए वास्तुकला परिषद् के वाइस प्रेसीडेंट के पद से त्यागपत्र को स्वीकार किया । श्री विजय उप्पल ने यह त्यागपत्र हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्य वास्तुविद् के पद पर कार्य के अधिक दबाव के कारण दिया था ।

7.0 **परिषद् की सदस्यता से मानित परित्याग:**

वास्तुविद् अधिनियम 1972 की धारा [illegible] में यह उपबंध दिया गया है कि यदि कोई सदस्य परिषद् की राय में पर्याप्त कारण के बिना परिषद् की [illegible] क्रमिक साधारण बैठकों से अनुपस्थित रहता है तो यह मान लिया जाएगा कि

उसने अपनी सीट छोड़ दी है । परिषद् ने 21.12.2007 को हुई अपनी 50वीं बैठक में यह नोट किया चूंकि उत्तर प्रदेश सरकार के नामिती श्री जगवीर सिंह रावत और अरुणाचल प्रदेश सरकार के नामिती डावा त्सेरिंग परिषद् की गत तीन बैठकों अर्थात् 47वीं बैठक, 48वीं बैठक और 49वीं बैठक में अनुपस्थित रहे थे और उनसे अनुपस्थित की छुट्टी के लिए कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई थी अतः यह मान लिया गया है कि श्री जगवीर सिंह और डावा त्सेरिंग ने परिषद् के सदस्य के रूप में अपनी सीटें छोड़ दी हैं ।

8.0 परिषद् के सदस्य श्री आई जे एस बक्शी और प्रकाश देशमुख को परिषद् की कार्यकारिणी समिति के सदस्य के रूप में सहयोजित करना:

परिषद् की कार्यकारिणी समिति ने 24.10.2007 को हुई अपनी 93वीं बैठक में यह नोट किया कि श्रीमती के. राजलक्ष्मी तथा श्री आर. एल. गोयल जिन्हें कार्यकारिणी समिति के लिए चुना गया था वे अब परिषद् के सदस्य नहीं हैं और इसलिए वे अब कार्यकारिणी समिति के सदस्य भी नहीं हैं । अतः यह परम आवश्यक है कि कार्यकारिणी समिति के लिए परिषद् के दो सदस्यों को सहयोजित कर इन रिक्तियों को भरा जाए ताकि कार्यकारिणी समिति निर्बाध रूप से कार्य कर सके और उसके काम में कोई रुकावट न आए । परिणामस्वरूप परिषद् के सदस्य सर्वश्री आई जे एस बक्शी, चंडीगढ़ और प्रकाश देशमुख, पुणे को कार्यकारिणी समिति के सदस्य के रूप में सहयोजित किया गया ।

9.0 वास्तुविदों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई:

प्रत्येक वास्तुविद् से यह अपेक्षा की जाती है कि वह 2003 में संशोधित वास्तुविद् (वृत्तिक आचरण) विनियमावली, 1989 के उपबंधों का पूर्णतः पालन करेगा । वास्तुविद् अधिनियम में यह व्यवस्था की गई है कि यदि किसी वास्तुविद् को जांच-पड़ताल और सुनवाई का अवसर प्रदान किए जाने के बाद वृत्तिक कदाचार का दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी ।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान परिषद् ने 29 जून, 2007 को हुई अपनी 49वीं बैठक में वास्तुविदों के विरुद्ध वृत्तिक कदाचार के 10 मामलों पर विचार किया । परिषद् ने 8 नई शिकायतों पर भी विचार किया और विस्तृत जांच-पड़ताल और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 5 मामलों को अनुशासन-समिति के पास भेजा ।

परिषद् ने 21.12.2007 को हुई अपनी 50वीं बैठक में वास्तुविदों के विरुद्ध वृत्तिक कदाचार के लिए 13 नई शिकायतों पर विचार किया और 5 मामलों को विस्तृत जांच-पड़ताल और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए अनुशासन-समिति के पास भेजा ।

इसी बैठक में परिषद् ने अनुशासन-समिति का पुनर्गठन भी किया और श्री पी. आर. दास जो कि परिषद् के सदस्य नहीं रहे हैं के स्थान पर श्री आई जे एस बक्शी को शामिल किया । अनुशासन-समिति में अब श्री एन. बी. शेलर और श्री आई जे एस बक्शी शामिल हैं ।

10.0 शैक्षिक सत्र 2007-2008 में नई संस्थाओं का अनुमोदन:

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान बैचलर ऑफ आर्कीटेक्चर पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए 4 नई संस्थाओं और एम आर्की. तथा पीएच-डी पाठ्यकम प्रदान करने हेतु एक-एक संस्था को अनुमोदन प्रदान किया गया । पहले से विद्यमान संस्थाओं में 3 नए बी. आर्की. पाठ्यक्रमों तथा 9 नए एम. आर्की. पाठ्यक्रमों को अनुमोदन प्रदान किया गया । इस प्रकार, वास्तुकला में मान्यताप्राप्त पाठ्यक्रम प्रदान करने वाली संस्थाओं की कुल संख्या 2006-2007 में 137 से बढ़कर 2007-2008 में 139 हो गई । छात्रों की वार्षिक प्रवेश संख्या पूर्वस्नातक स्तर पर 6627, स्नातकोत्तर स्तर पर 1140 और पीएच-डी स्तर पर 10 है ।

11.0 **शिक्षा-सत्र 2007-2008 से आगे अनुमोदन की अवधि बढ़ाना:**

वास्तुकला परिषद् ने शिक्षा सत्र 2007-2008 के लिए 122 संस्थाओं के लिए अनुमोदन की अवधि निम्नलिखित ढंग से या अन्यथा बढ़ाई:

i) वे संस्थाएं जिनमें 2007-08 के लिए वर्तमान या अधिक दाखिला सहित बी. आर्की. पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन की अवधि बढ़ाई गई : [illegible]

ii) वे संस्थाएं जिनमें 2007-2008 से आगे के लिए वर्तमान या अधिक दाखिला सहित एम. आर्की. पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन की अवधि बढ़ाई गई : 26

iii) वे संस्थाएं जिनमें वर्ष 2006-2007 के लिए कोई "प्रवेश नहीं" है : 5

iv) वे संस्थाएं जिनकी 2007-2008 में "मान्यता वापस" ले ली जाएगी : 3

परिषद् ने शिक्षा-सत्र 2008-2009 के लिए उन संस्थाओं का निरीक्षण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिनका निरीक्षण किया जाना है।

12.0 **राष्ट्रीय वास्तुकला उच्च अध्ययन संस्थान (निआसा):**

वास्तुकला परिषद् ने राष्ट्रीय वास्तुकला उच्च अध्ययन संस्थान की स्थापना सी डी एस ए (विकास अध्ययन एवं वास्तुशिल्प केंद्र) पुणे के परिसर में 8 जुलाई 2005 को की थी। यह संस्थान वास्तुकला परिषद् की एक एकेडेमिक यूनिट के रूप में कार्य करता है और इसका संचालन सीधे परिषद् द्वारा किया जाता है।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 'निआसा' द्वारा संचालित किए गए कार्यक्रम इस प्रकार हैं:

क) **कार्यशालाएं और शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम:**

क्र.सं.	कार्यक्रम का नाम	कार्यक्रम की तारीखें	समन्वयकों के नाम	सहभागियों की संख्या
1.	बी. आर्की. पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यचर्या विकास पर कार्यशाला	23 अप्रैल तथा 24 अप्रैल 2007	पी एम कर्नाविंद निदेशक, निआसा	31
2.	जल 5 वास्तुकला : औद्योगिक साधन तथा सुधारणायल	28 मई से 1 जून 2007	डॉ. पी. के. पंडित प्रोफेसर तथा अध्यक्ष वास्तुकला विभाग, एम आई टी एस, ग्वालियर	08
3.	नए शिक्षकों के लिए प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम	4 जून 2007 से 8 जून 2007	पी एम कर्नाविंद निदेशक, निआसा	12
4.	आयामी रत्न (वैश्विक रत्न प्रौद्योगिकी फारम जी एम टी एफ), रत्न विकास केंद्र (सी डी ओ एस), जयपुर	22 से 24 नवम्बर 2007 (3दिन)	रत्न विकास केंद्र (सी डी ओ एस), जयपुर	04
5	भवन परियोजना प्रबंध (बी पी एम)	23 से 25 नवम्बर, 2007 (3 दिन)	डॉ. पी आर पंडित अध्यक्ष, वास्तुकला विभाग, एम आई टी एस ग्वालियर तथा विशेषज्ञ दल	08
6.	भौतिक सूचना विज्ञान	14 से 15 जनवरी	डॉ. पी. आर. पंडित अध्यक्ष,	09

		2008 (5 दिन)	वास्तुकला विभाग, एम आई टी एस, ग्वालियर तथा विशेषज्ञ दल	
7.	बी आई एम सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण कार्यक्रम	11 से 13 फरवरी, 2008 (3 दिन)	संबंधित विषय तथा एड्रोइटेक सूचना तंत्र, नई दिल्ली के वास्तुविद् विशेषज्ञ	15
8.	वास्तुकला में ज्ञान का प्रसारण	18, 19, 20, 21 और 22 फरवरी 2008 (5 दिन)	डॉ. श्रीमती उज्ज्वल चक्रदेव, श्रीमती मनोरमा बाई मंडले, वास्तुकला विभाग, नागपुर	15
9.	वास्तुकला में बुनियादी डिजाइन, सौंदर्यशास्त्र तथा सर्जनात्मकता	10 मार्च से 14 मार्च 2008 (5दिन)	ए आर प्रदन्य चौहान और डॉ. मिलिंद तेलंग	11

ख) प्रकाशन:

वास्तुकला परिषद् और राष्ट्रीय वास्तुकला छात्र एसोशिएशन (नासा) के बीच हुए समझौते के अनुसार 'निआसा' ने 2006 में नासा द्वारा आयोजित की गई हुडको ट्राफी प्रतियोगिता के प्रलेखन का मुद्रण एवं प्रकाशन किया ।

तीन और पुस्तकों का मुद्रण किया जा रहा है । इन पुस्तकों के डिजाइन को अंतिम रूप दे दिया गया है और पुस्तकें मुद्रण के लिए तैयार हैं ।

- सीस्मिक सेफ्टी इन आर्कीटेक्चर - वा. प्रबीर दास और ले. रामनाथन
- आर्कीटेक्चरल प्रैक्टिस इन इंडिया - वा. माधव देवभक्त
- ट्रेडीशनल आर्कीटेक्चर-हाउस फार्म ऑफ इस्लामिक कम्युनिटी ऑफ बोहराज इन गुजरात - वा. माधवी देसाई

'निआसा' उन पुस्तकों का डिजाइन भी तैयार कर रहा है जिनकी संक्षिप्त सूची राष्ट्रीय शोध-प्रबंध अवार्ड्स कार्यक्रम (फाइनल) 2006 और 2007 के लिए तैयार की गई थी ।

ग. राष्ट्रीय वास्तुकला अभिक्षमता परीक्षा (नाटा):

उन प्रत्याशित उम्मीदवारों के लिए जो वास्तुकला को कैरियर के रूप में अपनाने की आशा कर रहे थे, वास्तुकला में राष्ट्रीय अभिक्षमता परीक्षा (1 मार्च 2007 से 31.10.2007 तक) आयोजित करने का प्रस्ताव किया गया । 'नाटा' पूरे भारत में फैले 94 केंद्रों पर दी जा सकती थी । नाटा की 8758 परीक्षाएं आयोजित की गईं ।

'नाटा' का संचालन करने के लिए एक सलाहकार समिति का गठन किया गया और फरवरी, 2007 में 'निआसा' पर उसकी बैठक हुई । बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा व्यक्त किए गए विकल्पों पर विचार किया गया और उन्हें शामिल किया गया ।

घ. राष्ट्रीय शोध-प्रबंध अवार्ड्स कार्यक्रम:

वास्तुकला परिषद् ने युवा प्रतिभाशाली उम्मीदवारों को प्रोत्साहित करने के लिए पूर्व-स्नातक थीसिस परियोजनाओं हेतु एक राष्ट्रीय शोध-प्रबंध अवार्ड्स कार्यक्रम शुरू किया । वर्ष 2007 के अवार्ड कार्यक्रम 15 अगस्त 2007 से 2 अक्तूबर 2007 तक दो चरणों में आयोजित किए गए । आंचलिक कार्यक्रम निम्नलिखित स्थानों पर आयोजित किए गए :

1. सूरत - इसका समन्वय वास्तुकला विभाग, सार्वजनिक इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी कॉलेज, सूरत ने किया ।
2. कोल्हापुर - इसका समन्वय एस पी एस एम बी एच वास्तुकला कॉलेज, कोल्हापुर ने किया ।

3. चेन्नई इसका समन्वय [illegible] वास्तुकला अकादमी, चेन्नई ने किया ।
4. नागपुर इसका समन्वय [illegible] वाई मुंडन, आर्की. विभाग महिला [illegible] कॉलेज, नागपुर ने किया ।
5. चंडीगढ़ इसका समन्वय [illegible] वास्तुकला विद्यालय, चंडीगढ़ ने किया ।

आंचलिक कार्यक्रमों के लिए जूरी सदस्य ये थे :

श्री [illegible], श्री [illegible] और श्री एम. एन. आशिष गंजू (सूरत)

श्री [illegible] और श्री एम. के. दास (कोल्हापुर)

श्री [illegible], श्री [illegible] और श्री [illegible] पंड्या (चेन्नई)

डॉ. वी. एस. [illegible] श्री [illegible] और श्री मोहम्मद शहीर (नागपुर)

श्री [illegible], श्री [illegible] और श्री विनोद गुप्ता (चंडीगढ़)

राष्ट्रीय जूरी कोलकाता में आयोजित की गई । इसका समन्वय आइ आइ ए दी कोलकाता सेंटर ने किया। राष्ट्रीय फाइनल के लिए जूरी के सदस्य थे श्री कुलदीप सिंह, श्री क्रिस्टोफर बेनिन्गर और श्री प्रबीर मित्र । इन सभी पांच अंचलों में प्राप्त की गई कुल प्रविष्टियों की संख्या 76 थी ।

ड.) अन्य:

श्रीमती जयश्री देशपांडे ने सहायक निदेशक के रूप में 1 फरवरी, 2008 को 'निआमप' में कार्यग्रहण किया । वह 'निआमप' के शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रमों का समन्वय करेंगी ।

13.0 **भारत सरकार द्वारा गठित किए गए छठे केंद्रीय वेतन आयोग के समक्ष प्रस्तुति के लिए केंद्रीय सरकार, राज्य सरकारों तथा सार्वजनिक क्षेत्रक के उपक्रमों में नियोजित वास्तुविदों के लिए वास्तुकलात्मक काडर हेतु पदों एवं वेतन मानों का सुझाव देने के वास्ते उप-समिति:**

